(2) उपखण्ड (1) के अधीन नियुक्ति अधिकारी अध्यक्ष के साधारण पर्यवेक्षण और नियन्त्रण के अधीन रहेंगे और उन्हें बोर्ड की निधि से संदाय किया जाएगा । ऐसे अधिकारी ऐसी अवधिपर्यन्त और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर पद धारण करेंगे जिन्हें केन्द्रीय सरकार अवधारित करे ।

15. रजिस्टर आदि का रखा जाना :—(1) नियोजक रजिस्टर—

(क) नियोजकों का एक रजिस्टर होगा ;

(ख) जहां तक इस स्कीम का खाद्यान्न हस्ताई कर्मकारों को लागू होने का सम्बन्ध है, प्रत्येक नियोजक को, जिसे स्कीम के प्रारम्भ की तारीख को मुम्बई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारी (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1957 के अधीन सूचीकृत किया गया है, स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया गया समझा जाएगा ।

(ग) उन व्यक्तियों से भिन्न व्यक्तियों को जो मद (ख) के अधीन रजिस्ट्रीकृत समझे गए हैं, तब तक खाद्यान्न हस्तन नियोजक के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि बोर्ड ऐसा करना समीचीन और आवश्यक न समझे और किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति को तब तक रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा जब तक उसे मुम्बई पत्तन न्यास द्वारा उस निमित्त अनुज्ञात नहीं कर दिया जाता है ;

(घ) बोर्ड, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से इस निमित्त विहित करे, मद (ख) और (ग) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को एक या अधिक समूह बनाने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा और इस प्रकार बनाए गए प्रत्येक समूह को केवल मासिक कर्मकारों के नियोजन की बाबत एक ही नियोजक के रूप में माना जाएगा :

परन्तु बोर्ड को केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से विहित शर्तों में ऐसे परिवर्तन या उपान्तरण करने की शक्ति प्राप्त होगी जिसे वह समय-समय पर आवश्यक समझे :

परन्तु यह और कि यदि नियोजक समूह की प्रस्थापना के विरुद्ध कारण दिखलाने का अवसर देने के पश्चात् तथा उसके अभ्यावेदनों यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात्, यदि बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि ऐसे समूह के बनाने के लिए विनिर्दिष्ट शर्तों का भागतः या पूर्णतः पालन करने में नियोजकों का समूह असफल रहा है, बोर्ड ऐसी तारीख से जिसे वह विनिर्दिष्ट करे नियोजकों के किसी समूह को दी गयी अनुज्ञा का प्रतिसंहरण कर सकेगा और तदुपरि ऐसी तारीख से उक्त समूह विघटित हो जाएगा ।

(2) कर्मकार रजिस्टर—(क) कर्मकार रजिस्टर इस प्रयोजन के लिए बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में रखा जाएगा ।

(ख) खाद्यान्न हस्तन कर्मकारों का रजिस्टर निम्नलिखित प्रकार का होगा, अर्थात् :—

(1) मासिक रजिस्टर—ऐसे कर्मकारों का रजिस्टर जो प्रत्येक खाद्यान्न हस्तन नियोजक द्वारा मासिक आधार पर संविदा पर लगाए गए हैं और जो मासिक कर्मकार के रूप में ज्ञात हैं ;

(2) आरक्षित पूल रजिस्टर—मासिक रजिस्टर के कर्मकारों से जो आरक्षित पूल कर्मकार के रूप में ज्ञात हैं, भिन्न कर्मकारों का रजिस्टर । इस रजिस्टर में विभिन्न प्रवर्गों की आकस्मिक रिक्तियां भरने के लिए खाद्यान्न कर्मकारों का उपपूल शामिल

होगा । ऐसे उपपूल में शामिल कर्मकार छुट्टी पर आरक्षित कर्मकार कहे जाएंगे ।

16. रजिस्टर में कर्मकारों का वर्गीकरण :—

(1) बोर्ड रजिस्टरों में कर्मकारों के प्रवर्गानुसार वर्गीकरण की व्यवस्था करेगा ।

(2) स्कीम के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत होंगे —

(क) मुकद्दम
(ख) टिण्डल
(ग) लदान करने वाले
(घ) भराई करने वाले
(ङ) सीवक
(च) पल्लावाल
(छ) पल्लेवालियां
(ज) मशीन मजदूर
(झ) टैंक मजदूर
(ञ) डाक मजदूर

17. रजिस्टर पर कर्मकारों की संख्या का नियत किया जाना :—

(1) बोर्ड, प्रशासनिक निकाय से परामर्श करने तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से किसी प्रवर्ग में रजिस्ट्रीकरण प्रारम्भ करने से पूर्व उस प्रवर्ग में अपेक्षित कर्मकारों की संख्या अवधारित करेगा । बोर्ड प्रशासनिक निकाय से परामर्श करके और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए प्रत्येक प्रवर्ग में अपेक्षित कर्मकारों की संख्या कालिकतः अवधारित करेगा और तदनुसार कर्मकार रजिस्टर के समायोजन की व्यवस्था करेगा ।

(3) रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों की समूह ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो बोर्ड द्वारा निमित विनिर्दिष्ट की जाए, आरक्षित पूल में से कर्मकारों का चयन करके मासिक रजिस्टरों के कर्मकारों की संख्या में वृद्धि कर सकेगा ।

18. विद्यमान और नए कर्मकारों का रजिस्ट्रीकरण :—(1)(क) ऐसे डाक कर्मकार को, जो स्कीम के प्रारम्भ की तारीख को मुम्बई अरजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1957 के अधीन पहले से ही सूचीकृत है, इस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत समझा जाएगा ;

(ख) नए रजिस्ट्रीकरण के लिए आयु संबंधी अर्हता ऐसी होगी जो स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा विहित की जाए किन्तु यह चालीस वर्ष से अधिक नहीं होगी । केवल ऐसे भारतीय राष्ट्रिक ही जो शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं, योग्य हैं और जिनके पास अनुभव है, रजिस्ट्रीकरण के पात्र होंगे :

परन्तु भूतपूर्व सैनिक कार्मिकों की दशा में आयु-सीमा डाक श्रम बोर्ड द्वारा 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकेगी;

(ग) किसी नए प्रवर्ग में कर्मकारों का रजिस्ट्रीकरण ऐसे कर्मकारों में से किया जाएगा जिन्होंने ऐसी तारीख को जिसे इस निमित बोर्ड विनिर्दिष्ट करे, पत्तन पर काम किया है या जो काम कर रहे हैं और रजिस्ट्रीकरण के लिए चयन यथासंभव ज्येष्ठता के आधार पर किया जाएगा । जैसा कि किसी कर्मकार द्वारा उस प्रवर्ग में की गयी सेवा की अवधि अवधारित की जाए और बोर्ड द्वारा अधिसूचित की जाए । ऐसे मामलों में जहां उक्त ज्येष्ठता सूची उपलब्ध नहीं होती है, चयन ऐसे अन्य आधार पर किया जाएगा जैसी बोर्ड अवधारित करे, परन्तु शर्त यह होगी कि कर्मकार स्वस्थ है और चालीस वर्ष से अधिक नहीं है ।

(2) बोर्ड समय-समय पर कर्मकारों और अस्थायी रूप से ऐसी अवधि के लिये और सेवा के ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जैसा बोर्ड विनिर्दिष्ट करे, रजिस्ट्रीकरण की अनुज्ञा दे सकेगा :

परन्तु अस्थायी रूप से रजिस्ट्रीकृत कर्मकार खण्ड 32 के अधीन हाजिरी भत्ता पाने के हकदार होंगे और उनकी वही बाध्यतायें होंगी जो आरक्षित पूल के रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों की होती हैं ।

(3) किसी प्रवर्ग में जिसमें डाक कर्मकार पहले से ही स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत हैं, नई भर्ती, चाहे वह अस्थायी तौर पर हो या स्थायी तौर पर हो, उन कर्मकारों में से की जायेगी जो स्थानीय रोजगार कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत हैं । परन्तु यदि अध्यपेक्षा की तारीख पर रोजगार कार्यालय के रजिस्टर पर उपलब्ध योग्य व्यक्तियों की संख्या से अपेक्षित संख्या से अधिक है तो रोजगार कार्यालय के रजिस्टर में योग्य व्यक्तियों को आमेलित करने के पश्चात् सीधी भर्ती की जा सकेगी ।

(4) खण्ड I के उपखण्ड (i) में मद (ख) के अधीन रजिस्ट्रीकृत नये कर्मकारों को स्थायी तौर पर रखने से पूर्व तीन मास की अवधि के लिय परिवीक्षा पर रखा जायेगा ।

(5) स्कीम के किसी अन्य उपबन्ध के होते हुए भी, जहां बोर्ड की यह राय हो कि किसी डाक कर्मकार ने अपने आवेदन में मिथ्या जानकारी देकर या उसमें अपेक्षित जानकारी न देकर अपना रजिस्ट्रीकरण प्राप्त किया है या जहां उसे यह प्रतीत होता है कि कर्मकार अनुचित रूप से या गलत ढंग से रजिस्ट्रीकृत किया गया है, वहां अधिवेशनरत बोर्ड रजिस्टरों में से उसके नाम को हटाने के लिये निदेश दे सकेगा :

परन्तु ऐसा निदेश देने से पूर्व बोर्ड उसे यह हेतुक दर्शित करने का अवसर देगा कि प्रस्थापित निदेश क्यों न जारी किया जाये ।

(6) अन्य प्रवर्गों में, जो स्कीम के प्रारम्भ के पश्चात् अनुसूची I में सम्मिलित किया जाये, रजिस्ट्रीकरण की बाबत निम्नलिखित सिद्धांत लागू होंगे—

(क) उपरोक्त प्रवर्गों में से किसी प्रवर्ग के किसी कर्मकार को रजिस्ट्रीकृत करने से पूर्व बोर्ड, उस प्रवर्ग के कर्मकारों की संख्या का प्राक्कलन करने की दृष्टि से खण्ड 17(i) के अधीन विस्तृत अन्वेषण करेगा जोकि उस प्रवर्ग में जो तत्समय डाक पर कार्य कर रहे हों, सभी सद्भाविक कर्मकारों में से अपेक्षित किये जाने वाले हैं;

(ख) प्रत्याशित अपेक्षाओं पर आधारित एक अनन्तिम रजिस्टर होगा तथा केवल यह तथ्य कि किसी पत्तन में पहले कोई कर्मकार कार्य करता रहा है उसे रजिस्ट्रीकरण के लिये स्वतः ही हकदार नहीं बनायेगा;

(ग) अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण पूरा करने के पश्चात् उस क्रम पर ऐसी मजदूरियां जो स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को प्रोद्भूत होती हैं, से भिन्न किन्हीं वित्तीय फायदों को मंजूर किये बिना चक्रानुक्रम से प्रारंभ होगी ;

(घ) अनन्तिम रूप से रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों द्वारा प्राप्त वास्तविक नियोजन की दृष्टि में रखते हुए 6 मास के पश्चात् आवश्यकता का पुनर्निर्धारण किया जायेगा तथा तत्पश्चात् अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण को तदनुकूल समायोजित किया जायेगा । खण्ड 32 के अधीन हाजिरी भत्ते का संदाय तभी प्रारम्भ होगा ;

(ङ) उन दिनों की संख्या जिनके लिये खण्ड 31 के अधीन प्रत्याभूत न्यूनतम मजदूरियां दी जानी चाहियें, नियत करने की दृष्टि से चक्रानुक्रम प्रारम्भ करने के एक वर्ष के पश्चात्

इन परिस्थितियों में कार्यकरण की परीक्षा की जायेगी। उसी समय से आगे के लिये भी कर्मकार स्कीम के अधीन सब फायदों के हकदार होंगे ;

(च) किसी मास में दिनों की वह न्यूनतम संख्या जिसके लिये पहले से ही रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों के प्रवर्ग के लिये खण्ड 31 के अधीन मजदूरियां प्रत्याभूत हैं वे स्कीम के प्रवर्तन की तारीख के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत होने वाले प्रवर्गों के कर्मकारों द्वारा स्वतः ही दावाकृत नहीं की जायेगी।

भिन्न-भिन्न प्रवर्गों की बाबत ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या में अन्तर होगा जैसा कि उपर्युक्त पद (ङ) के अधीन अवधारित किया गया है ;

(छ) उन प्रवर्गों के कर्मकारों जो स्कीम के प्रवर्तन के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत किये जायें, की मजदूरियां ऐसे होंगी जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर नियत की जायें।

19. कर्मकारों की निवृत्ति आयु, प्रोन्नति या स्थानान्तरण :—(1) स्कीम के अधीन निवृत्ति की आयु 58 वर्ष होगी :

परन्तु जहां कर्मकारों के किसी प्रवर्ग की बाबत विद्यमान निवृत्ति आयु 60 वर्ष है वहां वर्तमान पदधारी के लिये वह पद्धति जारी रहेगी ;

(2) किसी आरक्षित पूल रजिस्टर में डाक कर्मकारों के किसी प्रवर्ग में आकस्मिक रिक्ति से भिन्न किसी रिक्ति की पूर्ति सामान्यतया उससे ठीक निचले प्रवर्ग के कर्मकारों में से प्रोन्नति द्वारा की जायेगी ;

(3) मासिक कर्मकारों के किसी प्रवर्ग में आकस्मिक रिक्ति से भिन्न किसी रिक्ति की पूर्ति उसी नियोजक या नियोजकों के समूह के मासिक कर्मकारों के निम्नतर प्रवर्गों में से प्रोन्नति द्वारा ही या यदि उसी नियोजक या नियोजकों के समूह के मासिक कर्मकारों के निम्नतर प्रवर्गों में से कोई व्यक्ति योग्य नहीं है तो आरक्षित पूल के उसी प्रवर्ग या वरिष्ठ प्रवर्ग के किसी ऐसे डाक कर्मकार, जिसे रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा चुना जाये, के स्थानान्तरण द्वारा की जायेगी।

स्पष्टीकरण :—प्रोन्नति के लिये साधारणतः निम्नलिखित मापदण्ड होंगे —

(क) ज्येष्ठता,

(ख) उस प्रवर्ग में जिसमें प्रोन्नति की जाती है, काम के लिये योग्यता और उपयुक्तता और,

(ग) पिछली सेवा का अभिलेख ।

टिप्पण :—आरक्षित पूल रजिस्टर से उसी प्रवर्ग के मासिक रजिस्टर में स्थानान्तरण या उसी प्रवर्ग के मासिक रजिस्टर से आरक्षित पूल रजिस्टर में स्थानान्तरण को प्रोन्नति नहीं समझा जायेगा।

(4) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, पर्याप्त और विधिमान्य कारणों से नियोजक या कर्मकार के लिखित आवेदन पर स्थानान्तरण के कारणों का पूर्णतः स्पष्टीकरण करते हुए, किसी मासिक कर्मकार का स्थानान्तरण आरक्षित पूल में करने की आज्ञा दे सकेगा :

परन्तु यह तब जब कि ऐसा स्थानान्तरण किसी ऐसी संविदा की पूर्ति के अधीन रहते हुए होगा जो नियोजन की समाप्ति की बाबत मासिक कर्मकार और उसके नियोजक के बीच है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई स्थानान्तरण नहीं होगा।

(5) यदि अनुशासनहीनता या अवचार के किसी कार्य के कारण किसी मासिक कर्मकार की सेवाएं नियोजक द्वारा समाप्त की जाती हैं तो वह आरक्षित पूल में नियोजन के लिये बोर्ड को आवेदन कर सकेगा। बोर्ड की ओर से उपाध्यक्ष तत्पश्चात् मामले के गुणावगुण के आधार पर यह विनिश्चित करेगा कि क्या कर्मकार को नियोजित किया जाना चाहिये या नहीं और यदि ऐसा हो तो उसी या उससे न्यूनतम प्रवर्ग में नियोजित किया जाना चाहिये।

(6) यदि किसी मासिक कर्मकार का स्थानान्तरण या नियोजन, यथास्थिति उपखण्ड 3 या उपखण्ड 4 के अधीन आरक्षित पूल में किया जाता है तो आरक्षित पूल के सभी फायदों के लिये उसकी पिछली सेवा को गिना जायेगा और नियोजक बोर्ड को वे सभी फायदे अन्तरित करेगा जो किसी कर्मकार को पिछली सेवा की बाबत प्रोद्भूत हुए हैं मानों ऐसी सेवा का अन्तरण नहीं किया गया हो। नियोजन विशिष्टतः बोर्ड को ऐसी राशि का अभिदाय करेगा जो कर्मकारों की छुट्टी, भविष्य-निधि या उपदान जो उसे ऐसे अन्तरण की तारीख को देय हो, की बाबत समुचित हो।

20. चिकित्सीय परीक्षा :—(1) रजिस्ट्रीकृत होने से पूर्व किसी नये कर्मकार की शारीरिक स्वस्थ्यता संबंधी चिकित्सा परीक्षा इस प्रयोजन के लिये अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट चिकित्सा अधिकारी द्वारा निःशुल्क होगी। चिकित्सा अधिकारी द्वारा जो कर्मकार चिकित्सीय रूप से अयोग्य पाया जाये वह अध्यक्ष को चिकित्सीय बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिये लिखित रूप में आवेदन कर सकेगा। अध्यक्ष, ऐसे नियोजन की प्राप्ति पर चिकित्सीय बोर्ड गठित करेगा। चिकित्सीय बोर्ड का विनिश्चय अंतिम होगा और ऐसा कर्मकार जो चिकित्सीय रूप से अयोग्य है, रजिस्ट्रीकर के लिये हकदार नहीं होगा ;

(2) यदि प्रशासनिक निकाय आवश्यक समझता है तो अध्यक्ष द्वारा गठित चिकित्सीय बोर्ड द्वारा किसी कर्मकार की निःशुल्क चिकित्सा परीक्षा की जायेगी। चिकित्सीय बोर्ड का विनिश्चय अंतिम होगा यदि कर्मकार को चिकित्सीय बोर्ड द्वारा स्थायी रूप से अयोग्य पाया जाये तो अध्यक्ष तत्काल उसकी सेवा समाप्त करेगा।

21. प्रशिक्षण के लिये सुविधायें :—डाक कर्मकारों से प्रशिक्षण के लिये बोर्ड ऐसी व्यवस्था करेगा जो वह आवश्यक समझे।

22. रजिस्ट्रीकरण फीस :—स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकरण के समय प्रत्येक कर्मकार द्वारा बोर्ड को दो रुपये रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में संदेय होंगे।

23. कार्डों का दिया जाना :—(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत कर्मकार को बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूपों में पहचान कार्ड, हाजिरी कार्ड और मजदूरी पर्ची निःशुल्क दी जायेगी ;

(2) किसी कार्ड के खोजने की दशा में नया कार्ड जारी किया जायेगा किन्तु उसकी लागत जो बोर्ड द्वारा नियत की जायेगी, संबंध कर्मकार द्वारा संदेय होगी।

24. रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों के लिये सेवा अभिलेख :—प्रत्येक मासिक और दैनिक कर्मकार के लिये प्रशासनिक निकाय द्वारा ऐसे प्ररूप में सेवा अभिलेख रखा जायेगा जो बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट होगा और जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कर्मकारों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियों का पूरा अभिलेख, प्रोन्नति, अच्छे काम के लिये प्रशंसाएं तथा अन्य बातें होंगी। रजिस्ट्रीकृत नियोजकों द्वारा मासिक कर्मकार की बाबत ऐसे विवरण प्रशासनिक निकाय को दिये जायेंगे।

25. रजिस्ट्रीकृत नियोजकों के लिये अभिलेख पत्र :—प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत नियोजक की बाबत कार्मिक अधिकारी ऐसे प्ररूप में अभिलेख पत्र रखेगा

जो बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाये और जिसमें अन्य बातों के साथ साथ रजिस्ट्रीकृत नियोजक के विरुद्ध किये गये प्रशासनिक कार्यवाहियों का पूरा अभिलेख होगा।

26. पहिचान कार्डों का अभ्यर्पण :—कर्मकार का पहिचान कार्ड निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रशासनिक निकाय को अभ्यर्पित किया जायेगा, अर्थात्:—

(क) जब कि वह तीन या अधिक दिनों की छुट्टी पर जा रहा हो,

(ख) जब कि वह सेवा निवृत्त हो रहा हो,

(ग) जब कि उसे पदच्युक्त किया गया हो या सेवा मुक्त किया गया हो,

(घ) जब कि उसे अस्थायी रूप से निलंबित किया गया हो,

(ङ०) मृत्यु की दशा में।

परन्तु मासिक कर्मकार का नियोजन भी मद (क), (ङ) में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में प्रशासनिक निकाय को कर्मकार का कार्ड अभ्यर्पित करेगा।

27. हाजिरी कार्ड और मजदूरी पर्ची में प्रविष्टि :—(1) आरक्षित पूल का रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार अपना हाजिरी कार्ड उस समय प्रशासनिक निकाय को देगा जब कि उसे किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक को काम के लिये आवंटित हो। कर्मकार द्वारा किये गये काम की अवधि की बाबत हाजिरी कार्ड में प्रशासनिक निकाय आवश्यक प्रविष्टियां करेगा और उसकी नियुक्ति की समाप्ति से पूर्व उसका प्रशासनिक निकाय प्रत्येक दिन के काम के लिये यथासंभव शीघ्र एक मजदूरी स्लिप देगा जिसमें कर्मकार द्वारा उपार्जित मजदूरी दिखलाई जायेगी।

(2) मासिक कर्मकार अपने नियोजक को उस समय अपना हाजिरी कार्ड देगा जबकि उसे काम के लिये पर आवंटित किया जाता है। उक्त नियोजक कर्मकार द्वारा किये गये काम की अवधि की बाबत कार्ड में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा और उसे आवंटित काम के पूरे होने से पहले उसे उसको वापस कर देगा। नियोजक प्रत्येक काम के दिन के लिये यथासम्भव शीघ्र एक मजदूरी स्लिप देगा जिसमें कर्मकार द्वारा उपार्जित मजदूरियां दिखलाई जायेगी।

28. कर्मकारों का नियोजन : (1) किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों के समूह से संलग्न किसी विशिष्ट प्रवर्ग का मासिक कर्मकार नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा उस प्रवर्ग में काम पर नियोजित होने का आरक्षित पूल के उसी प्रवर्ग के किसी कर्मकार के अभिमान में हकदार होगा।

(2) यदि किसी विशिष्ट प्रवर्ग के मासिक रजिस्टर पर कर्मकारों की संख्या उपलब्ध काम के लिये पर्याप्त नहीं है तो उस प्रवर्ग में आरक्षित पूल रजिस्टर के कर्मकारों को नियोजित किया जायेगा।

(3) किसी नियोजक या नियोजकों के समूह के किसी मासिक कर्मकार को अन्य नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के अनुमोदन के बिना नियोजित नहीं किया जायेगा।

29. पारियों में नियोजन :—(1) डाक कर्मकारों को पारियों में नियोजित किया जायेगा।

(2) (क) किसी डाक कर्मकार को सामान्यतः दो आनुक्रमिक दिनों में दो क्रमवर्ती पारियों में नियोजित नहीं किया जायेगा। किसी डाक कर्मकार को किसी भी दशा में तीन क्रमवर्ती पारियों में नियोजित नहीं किया जायेगा।

(ख) आरक्षित पूल में किसी डाक कर्मकार को सप्ताह में 9 पारियों या मास में 33 पारियों से अधिक के लिये नियोजित नहीं किया जायेगा।

(ग) सामान्यतया किसी मासिक कर्मकार को एक सप्ताह में 6 पारियों से या मास में 27 पारियों से अधिक के लिये नियोजित नहीं किया जायेगा किन्तु जब आरक्षित पूल से कोई कर्मकार जिसने मद (ख) में परिनिश्चित नियोजन की अधिकतम अवधि पूरी नहीं की है उपलब्ध न हो तब किसी मासिक कर्मकार को सप्ताह में 9 पारियों तक या मास में 33 पारियों तक के लिये नियोजित किया जा सकेगा।

(घ) विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष, मद (ख) और (ग) के अधीन निर्बन्धनों को आवश्यक सीमा तक अस्थायी रूप से शिथिल कर सकेगा।

(ङ) एक दिन में एक पारी से अधिक कार्य करने वाले कर्मकार प्रत्येक पारियों में काम के लिये सामान्य प्रमजदूरी की दर पाने के हकदार होंगे।

(3) आरक्षित पूल रजिस्टर के प्रत्येक प्रवर्ग के कर्मकारों को चक्रानुक्रम द्वारा काम आवंटित किया जायेगा।

(4) जहां किसी गैंग द्वारा काम किया जाता है वहां चक्रानुक्रम द्वारा कर्मकारों को आवंटन की गैंगों में होगा।

30. आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना : (1) मासिक कर्मकारों की आकस्मिक रिक्तियों को निम्नलिखित रूप से भरा जायगा, अर्थात:

(1) जब कोई टिंडल गैरहाजिरी रहे तो रिक्ति की पूर्ति नियोजक के नियोजन में अन्य गैंग के टिंडल से की जायेगी परन्तु यह तब होगा जबकि टिंडल को कोई अन्य काम आवंटित नहीं किया जाता है। यदि ऐसा टिंडल उपलब्ध न हो तो काम के लिये उपलब्ध उसी गैंग के ज्येष्ठतम खाद्यान्न हस्त कर्मकार पारी में टिंडल के रूप में काम करेगा।

(2) खाद्यान्न हस्तन मजदूरों की रिक्ति की पूर्ति नियोजक के नियोजन में अन्य गैंग के खाद्यान्न हस्तन मजदूरों में की जायेगी, परन्तु यह तब होगा जबकि ऐसा मजदूरों को कोई अन्य काम आवंटित नहीं किया गया है। जब ऐसे कर्मकार उपलब्ध न हों तब आरक्षित पूल के उसी प्रवर्ग के कर्मकारों द्वारा रिक्तियों की पूर्ति की जायेगी।

2. आरक्षित पूल के गैंगों की आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति निम्नलिखित रूप से की जायेगी, अर्थात् :—

(क) जब कोई टिंडल गैर हाजिर हो, तब हाजिरी पत्ते पर किसी टिंडल से उस रिक्ति की पूर्ति की जाएगी यदि हाजिरी भत्ते पर कोई टिंडल न हो तो काम के लिये उपलब्ध उसी गैंग का ज्येष्ठतम खाद्यान्न हस्तन मजदूर टिंडल के रूप में काम करेगा।

(ख) खाद्यान्न हस्तन मजदूरों की रिक्तियों की पूर्ति हाजिर भत्ते पर के खाद्यान्न हस्तन मजदूरों द्वारा या छुट्टी पर आरक्षित कर्मकारों यदि कोई हो, द्वारा की जाएगी।

(ग) उसी गैंग में प्रोन्नति से भिन्न रूप में रिक्तियों की पूर्ति करने में चक्रानुक्रम के सिद्धान्त का अनुसरण किया जाएगा :
परन्तु यह तब जब कि जहां काम किसी गैंग द्वारा किया जा रहा हो वहां चक्रानुक्रम द्वारा कर्मकारों का आवंटन भी गैंगों द्वारा ही होगा।

31. किसी मास में प्रत्याभूत न्यूनतम मजदूरियां:—(1) आरक्षित पूल रजिस्टर में किसी कर्मकार की एक मास में मजदूरी कम से कम 12 दिनों के लिये मजदूरी दर पर दी जाएगी जिसमें उस प्रवर्ग जिसका वह अस्थायी रूप से सदस्य है, के समुचित बोर्ड द्वारा यथाविनिर्दिष्ट मंहगाई भत्ते भी हैं शामिल होगा चाहे किसी मास में कम से कम 12 दिन के लिये उसे काम

नहीं किया जाता है। वे दिन जिनको कर्मकार को काम आवंटित किया जाता है, ऊपर लिखित 12 दिनों में गिने जाएगें किसी काम में प्रत्याभूत न्यूनतम मजदूरियां :-

(क) उन दिनों की संख्या के लिये जिनके लिये किसी मास में मजदूरियां प्रत्याभूत की गई हैं, इस शर्त के अधीन रहते हुए होंगी कि प्रशासन निकाय द्वारा यथा निर्दिष्ट मास के सभी दिनों पर कर्मकार काम के लिये हाजिर हुआ, या

(ख) उन दिनों की संख्या जिन दिनों कर्मकार भाग के लिये हाजिर हुआ के आनुपातिक होगी परन्तु यह तब तकि उसे मास के समस्त शेष दिनों पर हाजिरी से माफ किया गया हो।

(2) उपखण्ड (1) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए मास में न्यूनतम दिनों की संख्या जिनके लिये मजदूरियां प्रत्याभूत की गई हैं, पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान खाद्यान्न हस्तन कर्मकारों के न्यूनतम प्रवर्गों के आरक्षित पूल के कर्मकारों द्वारा प्राप्त मासिक अस्थायी नियोजन के आधार पर नियत की जा सकेगी : परन्तु :—

(1) किसी भी दशा में इस प्रकार नियुक्त संख्या 21 से अधिक और 12 से कम नहीं होगी,

(2) यथास्थिति रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम 1957 के अधीन पहले से ही सूचीकृत कर्मकार उसी न्यूनतम प्रत्याभूत मजदूरी के पात्र बने रहेंगे और जो उन्हें स्कीम के प्रारम्भ के पूर्व अनुज्ञेय थी।

टिप्पण :- औसत नियोजन के निर्धारण की पद्धति का ब्यौरा अनुसूची 2 में दिया गया है।

(3) उन दिनों की जिनके लिये उपखण्ड (1) और (2) के अधीन मजदूरी प्रत्याभूत होगी, न्यूनतम संख्या उन अन्य प्रवर्गों के कर्मकारों को जो स्कीम के प्रारम्भ की तारीख के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत हों, स्वतः ही लागू नहीं होगा। उन दिनों की जिनके लिये इन प्रवर्गों को मजदूरी प्रत्याभूत होगी, न्यूनतम संख्या खण्ड 18(6) (ङ) के अधीन अवधारित की जायेगी। उपखण्ड (2) के अधीन दिनों की न्यूनतम संख्या का वार्षिक पुनः नियतन उनके मामले में भी स्वतंत्र रीति से किया जायेगा। स्पष्टीकरण :—इस खण्ड के प्रयोजन के लिये,

(क) दिन से एक पारी अभिप्रेत है, और

(ख) मास में साप्ताहिक छुट्टी के दिन शामिल नहीं होंगे।

32. हाजिरी भत्ता : स्कीम के अन्य उपलब्धों के अधीन रहते हुए आरक्षित पूल रजिस्टर का कर्मकार जो काम के लिये उपलब्ध है किन्तु जिसके लिये कोई काम नहीं पाया जाता है, महंगाई भत्ते को छोड़कर एक रुपया प्रति दिन की दर से उतने दिनों के लिये जिनके दौरान वह प्रशासनिक निकाय द्वारा यथानिर्दिष्ट काम के लिये हाजिर हुआ था और उसके लिये कोई काम नहीं पाया गया था, हाजिरी भत्ता दिया जायेगा :

परन्तु बोर्ड हाजिरी भत्ते का संदाय महंगाई भत्ते को छोड़कर दो रुपये से अनाधिक ऐसी उच्चतर दर पर अनुज्ञात कर सकेगा, जैसा वह आवश्यक समझे।

परन्तु यह और कि किसी दिन के लिये जिसके लिये महंगाई भत्ते सहित पूरी मजदूरी खण्ड 31 या अन्यथा या खण्ड 34 के अधीन दी गई है, कोई हाजिरी भत्ता संदेय नहीं होगा।

33. पारी पर नियोजन : आरक्षित पूल रजिस्टर का कोई कर्मकार एक पारी से कम की अवधि के लिये नियोजित नहीं किया जायेगा और जहां वह कार्य जिसके लिये कोई कर्मकार नियुक्त किया गया हो, पारी के कार्यकरण की अवधि के दौरान पूरा हो जाता है, वहां वह ऐसे अन्य काम उसी समय उसी जलयान या किसी अन्य जलयान या बर्थ में जैसा कि उसी नियोजक द्वारा शेष अवधि के लिये अपेक्षित किया जाये, सम्भाल लेगा और यदि ऐसा अन्य काम उसे उपलब्ध न किया जाये तो उसे समस्त पारी के लिये संदाय किया जायेगा :

परन्तु यदि वह रजिस्ट्रीकृत नियोजक और रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार के बीच किये किसी करार के अधीन या बोर्ड के किसी विनिश्चय के अनुसार मात्रानुपातिक दर मजदूरी या प्रोत्साहन मजदूरी के अधीन है तो उसमें अधिकथित दरों पर संदाय किया जायेगा।

34. उस दशा में मजदूरियों की संदाय जब कि नियुक्ति के पश्चात् काम उपलब्ध न किया जा सके; जब आरक्षित पूल का कोई कर्मकार काम के लिये हाजिर होता है और किसी कारणवश वह काम जिसके लिये वह हाजिर हुआ है, प्रारम्भ या चालू नहीं किया जा सकता है और उसके लिये कोई दूसरा काम नहीं है, तब वह उस प्रवर्ग जिससे उसका संबंध है, के लिये समुचित मजदूरी दर जिसमें सभी भत्ते भी सम्मिलित होंगे, पाने का हकदार होगा, परन्तु यह तब जबकि पारी के शेष भाग के दौरान वह काम के लिये उपलब्ध रहता है और ऐसा दूसरा नियोजन स्वीकार कर लेता है जो उसे प्रशासकीय निकाय द्वारा दिया गया है :

परन्तु ऐसे कर्मकारी की दशा में जो मजदूरियों की मात्रानुपातिक दर के अधीन है, इस खण्ड के अधीन उसे देय संदाय, यदि कोई हो, में उसी अवधि के बाबत किए गए खाली समय के लिए संदाय, यदि कोई हो, की रकम कम की जाएगी।

35. अवकाश दिन : प्रत्येक वर्ष प्रत्येक डाक कर्मकार अवकाश दिनों की ऐसी संख्या वेतन सहित और ऐसी दरों पर जो बोर्ड द्वारा खण्ड 41 के अधीन विहित किया जाए पाने का हकदार होगा। इस खण्ड के अधीन कोई संदाय उस संदाय को छोड़ कर होगा जो खण्ड 31 के अधीन परिकलित है।

36. समितियां : बोर्ड एक या अधिक समितियां नियुक्त कर सकेगा जिन्हें वह स्कीम के उपबन्धों के अनुपालन को सुकर बनाने के लिए अपने ऐसे कृत्यों को सौंप सकेगा और जिन्हें वह आवश्यक समझे उन्हें समाप्त या पुनर्गठित कर सकेगा। यदि आवश्यक हो तो वह व्यक्ति जो बोर्ड के सदस्य नहीं हैं समिति के सहयोजित सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किए जा सकेंगे परन्तु ऐसे सहयोजित सदस्यों को मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

37. रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों की बाध्यताएं : (1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार की बाबत यह समझा जाएगा कि उसने स्कीम की बाध्यता को स्वीकार कर लिया है।

(2) आरक्षित पूल के किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को जो काम के लिए उपलभ्य रहता है, बोर्ड के नियोजन में समझा जाएगा।

(3) आरक्षित पूल का कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो काम के लिए उपलभ्य हो, स्वयं रजिस्ट्रीकृत नियोजक के अधीन नियोजन में तब तक नहीं लगेगा जब तक कि प्रशासकीय निकाय द्वारा उसे उस नियोजक का आवंटित नहीं कर दिया जाता है।

(4) आरक्षित पूल का रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो काम के उपलभ्य हो, प्रशासकीय निकाय के निदेशों का पालन करेगा और —

(क) ऐसे काल स्टैडों या नियंत्रण स्थानों पर ऐसे समयों पर रिपोर्ट करेगा जो प्रशासकीय निकाय द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं और ऐसे काल स्टैडों या नियंत्रण बिन्दुओं पर —

(1) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्रतिधारण भत्ते के संदाय पर उस दशा में जब कि प्रशासकीय निकाय द्वारा इस आशय का अनुदेश किया गया हो पारी की अवधि पर्यन्त रहेगा, या

(2) एक घंटे से अनधिक ऐसी अवधि तक रहेगा जो विनिर्दिष्ट की जाए, और

(ख) वह डाक कार्य से संबंधित कोई नियोजन स्वीकार करेगा, जो वह उस प्रवर्ग में जिसमें वह रजिस्ट्रीकृत है या उस प्रवर्ग में है जो बोर्ड द्वारा चालू की गई किसी अन्य स्कीमों में रजिस्ट्रीकृत है और जिसके लिए उसे अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से उचित समझा गया है।

(5) रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो प्रशासकीय निकाय द्वारा नियोजन के लिये किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक के अधीन काम के लिए आवंटित किये जाने पर उपलब्ध रहता है। ऐसे रजिस्ट्रीकृत नियोजक या उसके प्रधिकृत प्रतिनिधि या पर्यवेक्षक के निदेशों तथा उस पद या स्थान जहां वह काम कर रहा है, के नियमों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करेगा।

38. रजिस्ट्रीकृत नियोजकों की बाध्यताएं : (1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत नियोजक स्कीम की बाध्यताओं को स्वीकार करेगा।

(2) खण्ड 28 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक ऐसे डाक कर्मकार से जिसे खण्ड 11 (ङ) के उपबन्धों के अनुसरण में प्रशासकीय निकाय द्वारा उसको आवंटित किया गया है, भिन्न कर्मकार को नियोजित नहीं करेगा।

(3) रजिस्ट्रीकृत नियोजक प्रशासकीय निकाय द्वारा किये गये इंतजाम के अनुसार अपने चालू और भविष्य श्रम आवश्यकताओं की बाबत सभी उपलब्ध जानकारी देगा।

(4) रजिस्ट्रीकृत नियोजक प्रशासकीय निकाय को, जब तक कि अन्यथा निदेश न दिया जाए समय पर या मासानुपातिक दर पर डाक कर्मकारों द्वारा किये गये काम की विशिष्टियां तथा ऐसे अन्य सांख्यकीय आंकडे देगा जो उसके द्वारा नियुक्त किये गये डाक कर्मकारों की बाबत अपेक्षित हों।

(5) (i) रजिस्ट्रीकृत नियोजक प्रशासकीय निकाय को ऐसी रति से और ऐसे समयों पर जो बोर्ड निदेश दे, खण्ड 52(1) के अधीन संदेय उद्ग्रहण तथा दैनिक कर्मकारों को देय सकल मजदूरी देगा।

(ii) रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार कल्याण निधि के प्रति अभिदायों के रूप में संदाय करेगा।

(6) रजिस्ट्रीकृत नियोजक ऐसे अभिलेख रखेगा जिनकी बोर्ड अपेक्षा करे और बोर्ड जहां ऐसे व्यक्तियों को जिन्हें बोर्ड द्वारा पदाभिहित किया जाए, युक्तियुक्त सूचना पर ऐसे अभिलेख रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार और उस काम जिसके लिये उन्हें नियोजित किया गया है से सम्बन्धित अन्य प्रकार के किसी भी दस्तावेजों को पेश करेगा और उनके सम्बन्ध में ऐसी जानकारी देगा की बोर्ड द्वारा या उसकी ओर से जारी की गई किसी सूचना या निदेश में वर्णित हो।

39. नियोजन पर निबन्धन : (1) रजिस्ट्रीकृत नियोजक से भिन्न कोई भी व्यक्ति तब तक किसी कर्मकार को न तो डाक कार्य पर नियोजित करेगा और न ही कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक नियोजन के लिये किसी कर्मकार को डाक कार्य पर नियुक्त या नियोजित करेगा जब तक कि वह कर्मकार रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार न हो।

(2) इस खण्ड के पूर्वगामी उपबन्धों के होते हुए भी :—

(क) जहां प्रशासकीय निकाय का समाधान हो जाता है कि—

(1) डाक कार्य का शीघ्रता से किया जाना अपेक्षित है,

(2) उस कार्य के लिये कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार पाना युक्तियुक्त रूप से साध्य नहीं है,

जहां प्रशासकीय निकाय बोर्ड द्वारा अधिरोपित किन्हीं सीमाओं के अधीन रहते हुए किसी व्यक्ति को जो कि रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार नहीं है, किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक को आवंटित कर सकेगा ऐसे कर्मकारों का चयन करने में स्थानीय रोजगार कार्यालय संगठन से यथासम्भव परामर्श किया जाएगा,

परन्तु जब कभी किन्हीं अरजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को नियोजित किया जाना हो तब यदि सम्भव हो तो प्रशासकीय निकाय ऐसे कर्मकारों के नियोजन की बाबत अध्यक्ष का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा और जहां तक सम्भव न हो वहां 24 घंटे के भीतर अध्यक्ष को उस समस्त परिस्थितियों की बाबत रिपोर्ट देगा जिसके अधीन ऐसे कर्मकारों को नियोजित किया गया था और अध्यक्ष अगले अधिवेशन में ऐसे नियोजन की बाबत बोर्ड को सम्यक्तः सूचित करेगा।

(ख) बोर्ड ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह विनिर्दिष्ट करे, उस दशा में किसी अवकाश दिन को रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को नियोजित करने की अनुज्ञा उस सीमा तक देगा जिस सीमा तक काम के लिये रजिस्ट्रीकृत कर्मकार उपलब्ध न हों। और जब कि डाक कार्य का उसी दिन किया जाना आवश्यक हो,

(ग) सब (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट काम की दशा में खण्ड 38 (4), (5) और (6) और खण्ड 41 के प्रयोजनों के लिये रजिस्ट्रीकृत नियोजक द्वारा उपर्युक्त रूप में नियोजित व्यक्तियों को उस डाक कार्य की बाबत ऐसा माना जाएगा मानो वह दैनिक कर्मकार हो।

(3) आरक्षित पूल का कोई रजिस्ट्रीकृत कर्मकार, यदि वह खण्ड 37 के अधीन अपनी बाध्यताओं को पूर्ण रूप से पूरा करता है, उन दिनों में जिन दिनों उसे प्रशासकीय निकाय द्वारा काम के लिये आवंटित न किया गया हो, स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत नियोजकों से भिन्न नियोजकों के अधीन आकस्मिक नियोजन ग्रहण कर सकेगा।

40. वे परिस्थितियां जिनमें स्कीम का लागू होना बन्द हो जाता है : (1) स्कीम का रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को लागू होना उस दशा में बन्द हो जाएगा जबकि उसका नाम स्कीम के उपबन्धों के अनुसरण में रजिस्टर या अभिलेख से हटा दिया गया है।

(2) किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक को स्कीम का लागू होना उस दशा में बन्द हो जाएगा जब कि स्कीम के उपबन्धों के अनुसरण में उसका नाम नियोजक रजिस्टर से हटा दिया गया है।

(3) इस खण्ड की कोई भी बात ऐसे किसी समय जबकि वह व्यक्ति रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार या रजिस्ट्रीकृत नियोजक था, के दौरान उपगत बाध्यता या प्रोद्भूत अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी।

41. कर्मकारों की मजदूरी भत्ता और सेवा की अन्य शर्तें : नियोजक और रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों के बीच किये गए किसी करार के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, स्कीम में जब तक कि उसके लिये विनिर्दिष्टतः अन्यथा उपबन्धित नहीं किया गया है, किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार (चाहे वह आरक्षित पूल का हो या मासिक रजिस्टर का) और रजिस्ट्रीकृत नियोजक के बीच संविदा की विवक्षित शर्त होगी कि—

(क) मजदूरी भत्ते और अतिकालिक काम की दरें, काम के घंटे, आराम अन्तराल, अवकाश दिन और उनकी बाबत वेतन और

सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जो कर्मकारों के प्रत्येक प्रवर्ग के लिये बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं;

(ख) मजदूरी अवधि का नियतन मजदूरी के संदाय का समय और मजदूरी में कटौतियां मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936 (1936 का 4) के उपबन्धों के अनुसरण में होगी।

42. नियोजन या अपूर्ण नियोजन की बाबत मंहगाई भत्ता, मजदूरी और अन्य भत्तों के बकाए का संदाय : (1) इस खण्ड और खण्ड 43 में दी गई शर्तों के अधीन रहते हुए जब किसी मजदूरी अवधि के दौरान आरक्षित पूल का कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार काम के लिये उपलब्ध है किन्तु उसे कोई नियोजन या पूर्ण नियोजन नहीं किया जाता, तो वह बोर्ड से ऐसी रकम जो खण्ड 31, 32 और 34 के अधीन उसे अनुज्ञेय हो, पाने का हकदार होगा।

(2) वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार का उक्त संदाय, यदि कोई हो, बोर्ड से पाने का हकदार है वे शर्तें निम्नलिखित हैं :—

(क) यह कि वह काल स्टैण्डों या नियंत्रण स्थानों पर निदेशानुसार हाजिर हुआ था; और

(ख) यह कि उसकी हाजिरी अभिलिखित की गई थी।

(3) रजिस्ट्रीकृत नियोजक और रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के बीच किये गए किसी करार या बोर्ड के किसी विनिश्चय या बोर्ड या बनाए गए किसी निकाय की सिफारिश या केन्द्रीय सरकार द्वारा किये गए किसी आदेश के अनुसरण में भूतलक्षी प्रभाव से मंहगाई भत्ता या पुनरीक्षित मजदूरी की मंजूरी या अन्य भत्तों की पुनरीक्षण की दशा में, बोर्ड अपनी निधियों में से रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को रजिस्ट्रीकृत नियोजक और रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के बीच किये गए किसी करार या यथास्थिति, बोर्ड के किसी विनिश्चय या सिफारिश या आदेश की तारीख तक उस दशा में बकाया दे सकेगा जब कि बोर्ड ऐसा विनिश्चय करे।

43. संदाय से वंचित करना : (1) आरक्षित पूल का कोई रजिस्ट्रीकृत कर्मकार जो खण्ड 37(4)(क) या (ख) के उपबन्धों का अनुपालन करने में पर्याप्त कारण के बिना असफल रहता है या बोर्ड द्वारा या उसकी ओर से विधिपूर्ण आदेश का अनुपालन करने में असफल रहता है तो उसके विरुद्ध उपखण्ड (3) के अनुसरण में कार्यवाई की जा सकेगी।

(2) आरक्षित पूल का कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो उस नियोजन में रहते हुए जिसमें प्रशासनिक विकास द्वारा उसको आवंटित किया गया था, खण्ड 37(5) के उपबन्धों का पर्याप्त कारणों के बिना पालन करने में असफल रहता है या अपने नियोजक द्वारा दिये गए किन्हीं विधिपूर्ण आदेशों का पालन करने में असफल रहता है तो उसकी नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी और उसे आरक्षित पूल को वापस भेज दिया जाएगा और श्रम अधिकारी को लिखित रूप में यह रिपोर्ट की जा सकेगी कि क्या उसे उस प्रकार वापस किया गया है या नहीं। जब किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को आरक्षित पूल में इस प्रकार वापस भेजा जाता है तब प्रशासनिक निकाय उसके हाजिरी कार्ड को तदनुकूल पृष्ठांकित करेगा।

(3) श्रम अधिकारी खण्ड 1 और 2 के अधीन उत्पन्न होने वाले किसी मामले पर विचार करेगा और यदि मामले की अन्वेषण करने के पश्चात् वह रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को अधिसूचित करता है कि उसका समाधान हो गया है कि रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों ने उपर्युक्त प्रकार को विधिपूर्ण आदेश का पालन नहीं किया है तो वह रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार संदाय या खण्ड 42 के अधीन किसी संदाय का कोई भाग पाने का हकदार नहीं होगा जैसा कि उस मजदूरी अवधि की बाबत जिसके दौरान ऐसी असफलता हुई या चालू रहती है, श्रम अधिकारी उचित समझता है।

44. अनुशासनिक प्रक्रिया : (1) (1) कामिक अधिकारी, जो शिकायत पर या अन्यथा सूचना पाने पर कि रजिस्ट्रीकृत नियोजक स्कीम के उपबन्धों का पालन करने में असफल रहा है, मामले में अन्वेषण करने के पश्चात् लिखित रूप में उसे चेतावनी दे सकेगी, या

(2) जहां उसकी यह राय हो कि अधिकतम शक्ति उचित है, वहां वह मामले की रिपोर्ट उपाध्यक्ष को करेगा जो तत्पश्चात् ऐसा अतिरिक्त अन्वेषण करवाएगा जिसे वह आवश्यक समझे और उस नियोजक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कार्य कदम उठा सकेगा, अर्थात् वह :—

(क) उसकी परिनिन्दा कर सकेगा तथा उसकी अभिलेख पत्र में परिनिन्दा अभिलिखित कर सकेगा; या

(ख) बोर्ड के अनुमोदन के अधीन रहते हुए तथा रजिस्ट्रीकृत नियोजक को लिखित रूप में एक मास की सूचना देने के पश्चात् प्रशासनिक निकाय को सूचित कर सकेगा कि नियोजक का नाम नियोजक रजिस्टर से ऐसी अवधि के लिये जो बोर्ड द्वारा अवधारित की जाए या गम्भीर अपराध की दशा में स्थाई रूप से हटा दिया जाएगा।

(2) आरक्षित पूल का रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो, स्कीम के किसी उपबन्ध का पालन करने में असफल रहता है या अनुशासनहीनता या अवचार का कोई कार्य करता है, की बाबत श्रम अधिकारी को लिखित रूप में रिपोर्ट की जा सकेगी, जो मामले में अन्वेषण करने के पश्चात् उस कर्मकार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कदम उठा सकेगा, अर्थात्, वह

(क) यह अवधारित कर सकेगा कि ऐसी अवधि के लिये जो वह उचित समझता हो वह कर्मकार खण्ड 42 के अधीन कोई संदाय का भाग पाने का हकदार नहीं होगा।

(ख) लिखित रूप में यह चेतावनी दे सकेगा; या

(ग) उसे तीन दिन से अनधिक अवधि के लिये बिना वेतन के निलम्बित कर सकेगा।

(3) (क) जहां उपखण्ड 2 के अधीन श्रम अधिकारी को रिपोर्ट किये गए मामले में उसकी यह राय है कि अनुशासनहीनता या अवचार का कार्य इतना गम्भीर है कि डाक कर्मकार को आगे काम के लिये अनुज्ञात नहीं करना चाहिये तो श्रम अधिकारी मामले का अन्वेषण संबित रहने के दौरान उस कर्मकार को निलंबित कर सकेगा और उपाध्यक्ष को अतिरिक्त रिपोर्ट कर सकेगा जो मामले में प्राथमिक अन्वेषण करने के पश्चात् ऐसा आदेश पारित करेगा कि कर्मकार को अन्तिम आदेश देने तक निलंबित रखा जाए या नहीं।

(ख) जहां कोई डाक कर्मकार मद (क) के अधीन किसी आदेश द्वारा निलंबित किया गया हो वहां उसे निलम्बन की तारीख से प्रथम 90 दिन के लिये उसे निर्वाह भत्ता, आधारिक मजदूरी, मंहगाई भत्ते और अन्य भत्तों के आदेश के बराबर जिनका वह उस दशा में हकदार होता जब कि वह मजदूरी सहित छुट्टी पर रहता, के आधे के बराबर निर्वाह भत्ता संदत्त किया जाएगा और तत्पश्चात् अध्यक्ष विशिष्ट मामले में ऐसे आधारिक मजदूरी या अन्य भत्तों के तीन चौथाई से अनधिक उच्चतर निर्वाह भत्ता मंजूर कर सकेगा।

परन्तु जहां ऐसी जांच कर्मकार के प्रत्यक्ष कारणों से 90 दिन की अवधि के पश्चात् भी चालू रहती है वहां 90 दिन से अधिक अवधि के लिये निर्वाह भत्ता से आधारिक मजदूरी के मंहगाई या अन्य भत्तों के एक चौथाई रकम की कटौती की जाएगी।

(ग) इस प्रकार संदत्त निर्वाह भत्ता किसी भी दशा में वसूलीय या समयपरणीय नहीं होगा ।

(घ) जहां किसी डाक कर्मकार को दोषी नहीं पाया जाता है, वहां वह ऐसा संदाय पाने का हकदार होगा जिसके बारे में प्रमाणित करता है कि यदि डाक कर्मकार को निलंबित नहीं किया जाता तो वह काल दर के आधार पर या खण्ड 32 के अधीन उसे प्राप्त करता, परन्तु इस प्रकार संदेय रकमों में किसी विशिष्ट अवधि के दौरान या पहले से ही संदत्त निर्वाह भत्ते की रकम की कमी की जाएगी ।

(4) जहां श्रम अधिकारी की यह राय है कि उपखण्ड (2) और (3) में उपबन्धित दण्ड के उच्चतर दण्ड देना उचित है, वहां मामले की रिपोर्ट उपाध्यक्ष को पेश करेगा ।

(5) उपखण्ड 4 के अधीन श्रम अधिकारी से या नियोजकों या किसी अन्य व्यक्ति से यह रिपोर्ट पाने पर कि आरक्षित पूल का रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार स्कीम के किन्हीं उपबन्धों का पालन करने में असफल रहा है या उसने अनुशासनहीनता या अवचार का कार्य किया है या वह मानक या प्रमाप का काम मात्रा पूरी करने में लगातार असफल रहा है या किसी अन्य रीति से अक्षम रहा है, तो उपाध्यक्ष ऐसा अतिरिक्त अन्वेषण कर सकेगा या करवा सकेगा जो वह आवश्यक समझे और तत्पश्चात् सम्बद्ध कर्मकार की बाबत निम्नलिखित कदमों में से कोई कदम उठा सकेगा अर्थात् वह निम्नलिखित शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित कर सकेगा :—

(क) यह अवधारित कर सकेगा कि ऐसी अवधि के लिये जो वह ठीक समझता है कर्मकार खण्ड 42 के अधीन किसी संदाय या संदाय का भाग पाने का हकदार नहीं होगा ।

(ख) लिखित रूप में उसे खेदाश्नी दे सकेगा ।

(ग) तीन मास से अनधिक अवधि के उसे वेतन के बिना निलंबित कर सकेगा ।

(घ) चौदह दिन का सूचना देकर या उसके बदले चौदह दिनों की मजदूरी जिसमें मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है, देकर उसकी सेवा समाप्त कर सकेगा ।

(ङ) पदच्युत कर सकेगा ।

(6) इस खण्ड के अधीन कोई कार्यवाही करने से पूर्व सम्बद्ध व्यक्ति को यह दर्शित करने का अवसर दिया जाएगा कि उसके विरुद्ध क्यों न प्रस्थापित कार्यवाही की जाए और ऐसा व्यक्ति, यदि वह ऐसी वांछा करता है ऐसी कार्रवाई के सम्बन्ध में साक्ष्य दे सकेगा ।

(7) प्रशासनिक निकाय को इस खण्ड के अधीन की गई कार्रवाई की बाबत साथ-साथ सूचित किया जाएगा ।

(8) इस खण्ड और खण्ड 43 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी में निहित शक्तियां उक्त सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट उपबन्धों के अधीन, उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भी ऐसे मामले में प्रयुक्त की जा सकेंगी जैसी कि पूर्व वर्णित प्राधिकारी इस निमित्त लिखित रूप में विनिर्दिष्ट करे ।

सारणी

कार्रवाई करने के लिये सशक्त प्राधिकारी	स्कीम के उपबन्ध	विनिर्दिष्ट मामलों में कार्रवाई करने के लिये सशक्त प्राधिकारी
श्रम अधिकारी	खण्ड 13 और 44	प्रशासनिक निकाय
कार्मिक अधिकारी	खण्ड 44	उपाध्यक्ष या अध्यक्ष
उपाध्यक्ष	खण्ड 44	अध्यक्ष

(9) खण्ड 45 या 51 के अधीन अध्यक्ष की शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना रजिस्ट्रीकृत डाक नियोजक को अपने अधीन नियोजित मासिक कर्मकारों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की पूर्ण शक्तियां प्राप्त होंगी ।

45— अध्यक्ष की विशेष अनुशासनिक शक्तियां: (1) इस स्कीम में किसी बात के होते हुए भी, यदि अध्यक्ष का समाधान हो जाता है कि रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के किसी गैंग या किसी विशिष्ट कर्मकार द्वारा 'कार्य मंदन रीति' का सहारा लिया गया है या लिया जा रहा है या कर्मकार को उसी गैंग द्वारा या विभिन्न गैंगों या उसी या विभिन्न पोतों के कर्मकारों द्वारा उसकी पुनरावृत्ति की जा रही है तो वह इस आशय की लिखित रूप में घोषणा कर सकेगा ।

(2) जब उपखण्ड (1) के अधीन घोषणा की जाती है तब अध्यक्ष के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह —

(1) मासिक कर्मकारों की दशा में रजिस्ट्रीकृत नियोजकों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे कर्मकारों के विरुद्ध पदच्युति सहित ऐसी अनुशासनिक कार्यवाई करे जो वह ठीक समझे ;

(2) आरक्षित पूल के डाक कर्मकारों की दशा में ऐसे कर्मकारों के विरुद्ध पदच्युति सहित ऐसी अनुशासनिक कार्यवाही की जो वह ठीक समझे तथा उनको गारंटीकृत न्यूनतम मजदूरी या उस मजदूरी अवधि या उन मजदूरी अवधियों जिनके दौरान 'कार्यमन्दन प्रवृत्ति' का सहारा लिया गया है, के लिए हाजिरी भत्ते के समपहरण का आदेश करे ।

(3) अध्यक्ष निम्नलिखित दशाओं में अनुशासनिक कार्यवाही कर सकेगा :—

(i) जहां किसी गैंग द्वारा 'कार्य मन्द प्रवृत्ति' का सहारा लिया जाता है वहां उस गैंग के सभी सदस्यों के विरुद्ध; और

(ii) जहां किसी विशिष्ट कर्मकार द्वारा 'कार्य मन्दनप्रवृत्ति' का सहारा लिया जाता है वहां संबंध कर्मकार के विरुद्ध ।

(4) इस खण्ड के अधीन किसी डाक कर्मकार या डाक कर्मकारों के गैंग के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने से पूर्व ऐसे कर्मकार या गैंग को यह दर्शित करने का अवसर दिया जाएगा कि उसके विरुद्ध प्रस्थापित कार्यवाई क्यों न की जाए :

परन्तु अध्यक्ष इस उपखण्ड के अधीन कारण दर्शित करने का अवसर देने से पूर्व किसी कर्मकार या कर्मकारों के गैंग को उपखण्ड 1 के अधीन घोषणा करने के तुरन्त पश्चात् निलंबित कर सकेगा ।

(5) (क) जहां किसी कर्मकार को जांच के दौरान निलंबित किया गया है वहां उसे निलंबन की तारीख से प्रथम 90 दिन के लिए उसे आधारिक मजदूरी, मंहगाई और अन्य भत्तों के जिनका वह उस दशा

में हकदार होता जब कि वह छुट्टी पर रहता, के आधे के बराबर निर्वाह भत्ता दिया जाएगा और तत्पश्चात् अध्यक्ष विशिष्ट मामले में ऐसे आधारित मजदूरी मंहगाई या भत्ते के तीन-चौथाई से अनधिक उच्चतर निर्वाह भत्ता मंजूर कर सकेगा :

परन्तु जहां कर्मकार के प्रत्यक्ष कारणों से ऐसी जांच 90 दिन के पश्चात विस्तारित होगी है वहां 90 दिन से अधिक अवधि में निर्वाह भत्ते की आधारित मजदूरी और अन्य भत्तों की एक चौथाई रकम की कमी की जाएगी ।

(ख) इस प्रकार दिए गए निर्वाह भत्ते किसी भी दशा में वसूलीय या समपहरणीय नहीं होंगे ।

(ग) जहां किसी डाक कर्मकार को दोषी नहीं पाया जाता है वहां अपने-अपने निलम्बन की बाबत वह ऐसे संदाय पाने का हकदार होगा जिनके बारे में प्रशासनिक निकाय प्रमाणित करे कि यदि कर्मकार को निलंबित न किया जाता तो वह काल दर के आधार पर या खण्ड 32 के अधीन उन्हें पाता :

परन्तु इस प्रकार देय रकमों में उस अवधि के दौरान पहले से ही संदत्त निर्वाह भत्ते की रकम कम कर दी जाएगी ।

(6) कोई रजिस्ट्रीकृत कर्मकार जो उपखण्ड 2 के अधीन अध्यक्ष के किसी आदेश से व्यथित है, आदेश की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगा ।

46. नियोजन की समाप्ति : (1) आरक्षित पूल के किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार के नियोजन को इस स्कीम के उपबन्धों के अनुसरण के सिवाय समाप्त नहीं किया जाएगा ।

(2) आरक्षित पूल के रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार, बोर्ड को 14 दिन की लिखित सूचना या उसके बदले मंहगाई भत्ते सहित 14 दिन की मजदूरी का समपहरण कराए बिना बोर्ड में अपने नियोजन का त्याग नहीं करेगा ।

(3) जब बोर्ड द्वारा किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार का नियोजन उपखण्ड (1) या (2) के अधीन समाप्त हो जाता है तब प्रशासनिक निकाय द्वारा रजिस्टर या अभिलेख से उसका नाम तत्काल हटा दिया जाएगा ।

47. कर्मकारों द्वारा अपील —(1) इस खण्ड में उपबंधित से अन्यथा के सिवाय आरक्षित पूल का कोई कर्मकार जो निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा उक्त सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट उपबन्धों के अधीन पारित आदेश से व्यथित है, उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील कर सकेगा ।

सारणी

आदेश पारित करने वाले प्राधिकारी	स्कीम के उपबन्ध	अपील प्राधिकारी
अवर अधिकारी या प्रशासनिक निकाय	खण्ड 43 या 44	उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष	खण्ड 44	अध्यक्ष
अध्यक्ष	खण्ड 44	केन्द्रीय सरकार

(2) कोई कर्मकार जो ऐसे आदेश से व्यथित है --

(i) जिसके द्वारा उसे रजिस्टर या अभिलेख में किसी विशिष्ट समूह में रखा गया है ; या

(ii) जिसके द्वारा खण्ड 18 के अधीन रजिस्ट्रीकरण से इन्कार किया गया है ; या

(iii) जिसके द्वारा उससे खण्ड 37(4)(ख) के अधीन ऐसा कोई कार्य करने की अपेक्षा की गई है जो उस प्रवर्ग का नहीं है जिसका वह है,

अध्यक्ष को अपील कर सकेगा ।

(3) कोई डाक कर्मकार जो खण्ड 19(4) के अधीन आदेश से व्यथित है अध्यक्ष को अपील कर सकेगा ।

(4) जहां बोर्ड के अनुदेशों के अनुसरण में रजिस्टर या अभिलेख से किसी रजिस्ट्रीकृत कर्मकार का नाम हटाने की बाबात सम्यक सूचना दी गई है वहां उस दशा में कोई अपील नहीं होगी जबकि हटाए जाने का आधार यह है कि रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार डाक कर्मकारों के ऐसे वर्ग या वर्णन में आता है जिनका नाम उनकी संख्या में कमी करने के उद्देश्य से रजिस्टर से या अभिलेख से हटाया जाना है :

परन्तु जहां रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार यह अभिकथित करता है कि वह डाक कर्मकारों के उस वर्ग या वर्णन का सदस्य नहीं है जिसे बोर्ड के अनुदेशों में निर्दिष्ट किया गया है, वहां वह अध्यक्ष को अपील होगी ।

(5) उपखण्ड (1) (2), (3) और (4) में निर्दिष्ट प्रत्येक अपील लिखित रूप में होगी और जिस आदेश के विरुद्ध अपील की गई है उसकी प्राप्ति के 14 दिन के भीतर की जाएगी :

परन्तु अपील प्राधिकारी लिखित कारणों के आधार पर 14 दिन की समाप्ति के पश्चात, की गई अपील को ग्रहण कर सकेगा ।

(6) अपील प्राधिकारी अपीलार्थी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, यदि उसकी यह इच्छा हो तो लिखित कारणों के आधार पर ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जैसा वह ठीक समझता है ।

(7) उपखण्ड (6) के अधीन पारित प्रत्येक आदेश अपीलार्थी को संसूचित किया जाएगा ।

(8) अपीलार्थी अपील प्राधिकारी के समक्ष विधि व्यवसायी द्वारा प्रतिनिधित्व करने का हकदार नहीं होगा किन्तु वह उस पर रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ जिसका वह सदस्य है, के प्रतिनिधि या किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार द्वारा प्रतिनिधित्व करने का हकदार होगा ।

48- नियोजकों द्वारा अपील : (1) (क) रजिस्ट्रीकृत नियोजक जो कार्मिक अधिकारी के खण्ड 44(1) (i) के अधीन किसी आदेश से व्यथित है, उपाध्यक्ष को अपील कर सकेगा जो उसका विनिश्चय करेगा ।

(ख) यदि रजिस्ट्रीकृत नियोजक उपाध्यक्ष के खण्ड 44 (i) (ii) के अधीन आरम्भिक आदेश से व्यथित है तो वह अध्यक्ष को अपील कर सकेगा जो उसका विनिश्चय करेगा खण्ड 44(i) (ii) (ख) के अधीन किसी आदेश के विरुद्ध अपील की दशा में, अध्यक्ष मामले को तुरन्त केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट करेगा । केन्द्रीय सरकार अपील में ऐसा आदेश करेगी जैसा वह ठीक समझती है ।

(2) वह नियोजक जिसे खण्ड 15(i)(ग) के अधीन रजिस्ट्रीकरण से इन्कार किया गया है, अध्यक्ष के माध्यम से केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगी। केन्द्रीय सरकार ऐसा आदेश करेगी जैसा वह ठीक समझती है।

(3) यदि खण्ड 44 के अधीन अध्यक्ष द्वारा अपने विरुद्ध पारित किसी आरंभिक आदेश में कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक व्यथित है तो वह केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगी। अपील में केन्द्रीय सरकार ऐसा आदेश करेगी जैसा वह ठीक समझती है।

(4) उपखण्ड (1) (2) और (3) में निर्दिष्ट प्रत्येक अपील लिखित रूप में होगी और जिस आदेश के विरुद्ध अपील की गई है उसकी प्राप्ति के 14 दिन के भीतर की जायेगी :

परन्तु अपील प्राधिकारी लिखित कारणों से 14 दिन की समाप्ति के पश्चात् की गई अपील ग्रहण कर सकेगा।

(5) कोई अपीलार्थी अपील प्राधिकारी के समक्ष विधि व्यवसायी द्वारा प्रतिनिधित्व पाने का हकदार नहीं होगा किन्तु वह उस रजिस्ट्रीकृत नियोजक संगम जिसका वह सदस्य है, के प्रतिनिधि द्वारा या किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक द्वारा प्रतिनिधित्व पाने का हकदार होगा।

49-अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की पुनरीक्षण की शक्ति : स्कीम में अन्तर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी, यथास्थिति, खण्ड 44 के अधीन उपाध्यक्ष द्वारा पारित किसी आदेश की दशा में, अध्यक्ष या उक्त खण्ड के अधीन कार्मिक अधिकारी या श्रमिक अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश की दशा में उपाध्यक्ष किसी भी समय किसी भी कार्यवाही जिसमें, यथास्थिति, उपाध्यक्ष या कार्मिक अधिकारी या श्रमिक अधिकारी ने आदेश पारित किया है, का अभिलेख उसकी वैधता या औचित्य की बाबत अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए माग सकेगा और उसके संबंध में ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जो वह उचित समझे।

7 परन्तु अध्यक्ष या उपाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिये बिना इस खण्ड के अधीन ऐसा कोई आदेश पारित नहीं करेगा जो किसी व्यक्ति के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

50-कतिपय अपीलों की दशा में स्थगन आदेश : जहां किसी डाक कर्मकार द्वारा 14 दिन की सूचना पर सेवा की समाप्ति के किसी आदेश के विरुद्ध खण्ड 47 के उपबन्धों के अनुसरण में अपील की जाती है पर खण्ड 44(i) (ii) (ख) के अधीन नियोजक रजिस्टर से उसका नाम हटाये जाने के आदेश के विरुद्ध खण्ड 48 के उपबन्धों के अनुसरण में किसी नियोजन द्वारा अपील की जाती है, वहां अपील प्राधिकारी अपील की सुनवाई और निपटारा होने तक उस आदेश का प्रवर्तन जिसके विरुद्ध अपील की गई है, निलम्बन कर सकेगा।

51-आपात की दशा में कार्यवाही के लिए विशेष उपबन्ध : (1) यदि किसी भी समय अध्यक्ष का समाधान हो जाता है कि आपात की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे पत्तन के कार्यकरण पर गंभीर रूप से प्रभाव पड़ेगा तो वह लिखित आदेश द्वारा और ऐसी अवधि के लिये जो वह समय समय पर उसमें विनिर्दिष्ट करे, इस आशय की घोषणा कर सकेगा,

परन्तु ऐसी कोई घोषणा केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं की जाएगी।

(2) जब तक उपखण्ड (i) के अधीन आदेश प्रवृत्त रहती है तब तक निम्नलिखित उपलब्ध लागू होंगे, अर्थात् :—

(i) यदि ऐसा आरोप लगाया जाता है कि रजिस्ट्रीकृत नियोजक स्कीम के उपबन्धों का पालन करने में असफल रहा है तो अध्यक्ष उस आरोप की बाबत संक्षिप्त जांच करने के पश्चात् उस नियोजक के बारे में निम्नलिखित में से कोई भी कदम उठा सकेगा, अर्थात्, वह

(क) लिखित रूप में रजिस्ट्रीकृत नियोजक को चेतावनी दे सकेगा ;

(ख) यह निदेश दे सकेगा कि नियोजक रजिस्टर से या तो स्थायी रूप से या ऐसी अवधी के लिए जो वह अवधारित करें, रजिस्ट्रीकृत नियोजक का नाम तुरन्त हटाया जाएगा;

परन्तु उपमद (ख) के अधीन इस प्रकार का हटाया जाना नियोजक को सूनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिये बिना नहीं किया जाएगा।

(ii) यदि किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार के विरुद्ध अनुशासनहीनता, 'कार्यमंदन' या अवचार का आरोप लगाया जाता है तो अध्यक्ष जांच के लंबित रहने तक उसे तुरन्त निलंबित कर सकेगा। आरोप की बाबत संक्षिप्त जांच कर सकेगा और उस कर्मकार के विरुद्ध निम्नलिखित में से एक या अधिक कदम उठा सकेगा, अर्थात्, वह

(क) यह अवधारित कर सकेगा कि ऐसी अवधि के लिये जो वह उचित समझता है यह कर्मकार खण्ड 42 के अधीन कोई संदाय पाने का अधिकारी नहीं होगा ;

(ख) उसे लिखित रूप में चेतावनी दे सकेगा ;

(ग) तीन मास से अनधिक अवधि के लिए बिना वेतन के उसे निलंबित कर सकेगा ;

(घ) 14 दिन की सूचना और उसके बदले मंहगाई भत्ते सहित 14 दिन की मजदूरी देकर उसकी सेवायें समाप्त कर सकेगा; या

(ङ) उसे पदच्युत कर सकेगा ;

